वेद माता गायत्री बैजंत्री शक्ति पीठ ट्रस्ट
एवं
संस्थापक

चन्द्रशेखर मिश्र

लेखन सहयोग - रामनन्दन मिश्र

Scanned by CamScanner

संस्थापक पत्नी बैजंत्री देवी के साथ 1978



संस्थापक (स्वतंत्रतासेनानी) ताम्रपत्र के
साथ, बगल में पौत्र मृदुल एवं पौत्री नमिता 1992

Scanned by CamScanner

वेद माता गायत्री बैजंत्री शक्ति पीठ ट्रस्ट

एवं

संस्थापक

चन्द्रशेखर मिश्र

लेखन सहयोग - रामनन्दन मिश्र

मुद्रक : मोर्डन प्रेस, चिरकुण्डा (धनबाद)

Scanned by CamScanner

विमान हादसे में हुई बोस की मौत

हिन्दुस्तान, धनबाद, 07/02/2016 P-15

दुभाषिये की बात

लंदन | एजेंसिया

नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आखिरी दिनों को बयां करने के लिए शुरू की साइट ने एक जापानी दुभाषिये के हवाला से बताया है कि उनकी मौत 1945 में विमान हादसे के बाद ताइपे के एक अस्पताल में हुई थी।

www.bosefiles.info के मुताबिक बोस के साथ 1943 से 1945 के बीच दुभाषिये रहे काजुनोरी कुनीजुका अभी तक जीवित हैं। उन्होंने 18 अगस्त 1945 को ताइपे में एक विमान दुर्घटना के परिणामस्वरूप उनकी मौत होने के बारे में अपनी डायरी में बोस के आखिरी दिनों का ग्राफिक ब्योरा लिखा है।



दावा

- पत्रकार ओकाबे ने दुभाषिये काजुनोरी कुनीजुका से मुलाकात की, सबूत में उनकी डायरी की प्रति सौंपी
- 1943 से 1945 के बीच कुनीजुका नेताजी के साथ थे, बताया हादसे के बाद अस्पताल में हुई उनकी मौत

वेबसाइट को यह जानकारी सनकेई शिमभुन अखबार के लंदन संवाददाता नोबुरू ओकाबे मिली है। उन्होंने डायरी की प्रति भी वेबसाइट को सौंपी है। बोस के पोते और वेबसाइट बनाने वाले आशीष रे ने बताया, डायरी जापानी भाषा में है। हम इसे अनुवाद कराएंगे और आने वाले समय में इसके प्रासंगिक अंशों को जारी करेंगे। हम सच देश और परिवार के सामने लाना चाहते हैं। ओकाबे के मुताबिक कानीजुका 98 साल के हैं और जापान के कोबे में एक वृद्ध आश्रम में रह रहे हैं। ओकाबे उनसे मिले और यह सत्यापित किया कि विमान हादसे के बाद ताइपे में जापानी सैन्य अस्पताल में बोस की मौत हुई थी। डायरी में उल्लिखित बातों के मुताबिक ताइपे से विमान के उड़ान भरने के शीघ्र बाद विमान हादसाग्रस्त हो गया।

Scanned by CamScanner

प्रस्तावना-

होश संभालने के बाद मैंने देखा कि पिता जी घर में कम ही रहते थे । कम से कम दिन में तो प्रायः बाहर रहना होता ! वर्षों मुखिया फिर प्रखण्ड प्रमुख रहने के चलते इनकी व्यस्तता रहती थी । आदतन सामाजिक कार्य के प्रति अभिरूची इनकी खाशियत रही ।

अपने परिवार की कहानी, बचपन, पढ़ाई लिखाई, स्वतंत्रता संग्राम की धुन कैसे सवार हुई, क्या उस समय दिन चर्या हुआ करता था इत्यादि कहानी सुना करता था । कालान्तर मैंने सोचा क्यों नहीं संक्षिप्त ही सही इनकी कहानी लेखनी बने । डायरी लिखने की इनकी आदत रही है । 1991 से गायत्री परिवार से जुड़ जाने के बाद, दिशा बदली । आगे घटनाओं और पुर्व के संस्म रण को लिपीबद्ध करना जरूरी समझा । जिसमें मुख्य रूप से ट्रस्ट की कल्पना, उद्देश्य और अन्य बातें जो निबंधित कराई गई का उल्लेख भी संकलित है । मैंने इन्हें अपनी कहानी लिखने को प्रेरित किया । इनके बताई घटनाओं, स्वलिखित डायरी से उद्धृत कहानी "संक्षिप्त परिचय" में समाहित है । यह बिलकुल संभव है कि कई महत्वपूर्ण घटनाएं छूट गई हों । कईयों की तिथियों में भूल हुई हो । ऐसी अनजानी भूलों के लिये मैं क्षमा प्रार्थी हूँ ।

रामनन्दन मिश्र

पटवा-बाँका :

संप्रति : मुख्य महाप्रबंधक

ई.सी.एल. (कोल इण्डिया)

मुगमा, धनबाद

तिथि : 21.03.2006

Scanned by CamScanner

अनुक्रमणिका

१. प्रस्तावना

२. परिचय :- वंशज,
बचपन,
स्वतंत्रता संग्राम में,
स्वतंत्रता के बाद ,
पारिवारिक जवाब देही ,
राजनैतिक कार्य,
गायत्री संकल्प -
गायत्री परिसर एवं ट्रस्ट
वंशबृक्ष।

३. ट्रस्ट सहयोगी :-

४. ट्रस्ट निबंधन दस्तावेज (हिन्दी अनुवाद)

५. ट्रस्ट निबंधन दस्तावेज (अंग्रेजी में मूल)

Scanned by CamScanner

संक्षिप्त परिचय :

बचपन :

मेरा जन्म बिहार राज्य के भागलपुर जिले के घोरैया थानान्तर्गत पटवा ग्राम में 21 मार्च 1921 को हुआ । मेरे पिता सुधाकर मिश्र एवं माँ पंचमी देवी थी। पटवा गॉव मेरा पुश्तैनी घर नहीं था । मेरा पुश्तैनी निवास दरभंगा जिले के कमतौल थानान्तर्गत कछुआ चकौती गाँव के प्रसादी टोल में था । नियति को ऐसा ही मंजूर था कि पिताजी की शादी पटवा गाँव के एक सम्पन्न घर में पंडित प्यारे लाल झा की सुपुत्री पंचमी देवी से सन् 1919 में हुई । शादी के बाद मेरे नाना ने ६ बीघा जमीन और अपने घर के बगल में बसने के लिये जमीन के साथ मकान दिया । जब मेरा जन्म हुआ मेरे नाम से ये सारे जमीन एवं मकान लिख दिया ।

मेरे पितामह राधाकान्त मिश्र छः भाई थे । पितामह राधाकान्त मिश्र के समय से कुछ बुरे दिन आये । एक सुखी सम्पन्न परिवार जिसे सतरह सौ बीघे जमीन की खेती थी बर्बादी के कगार पर चला गया । भाईयों में अविश्वास और झगड़ा शुरु हो गया । बातें कोर्ट कचहरी तक चली गई । महामाया माँ दुर्गा कुल देवी एवं भगवान शंकर कुल देवता की जहाँ रोज पूजा अर्चना हुआ करती थी वहीं नित्य उनका अनादर होने लगा । आपसी मनमुटाव, कचहरी का चक्कर, देवी - देवता का अनादर - परिणाम भयावह निकला । सारी सम्पत्ति चली गई । वह पीढ़ी एवं आने वाले इसका शिकार हुए ।

पिताजी जब करीब पन्द्रह वर्ष के थे तंग होकर घर से निकल गये । छोटी-मोटी नौकरी की तलाश में जलपाईगुड़ी, कूचबिहार, आसामआदि जगहों की खाक छाना । कुछ दिन इस तरह बिताने के बाद भागलपुर जिले के खड़हरा गाँव आ गये । यहाँ उनकी फुफेरी बहन रहती थी जो वहाँ के प्रसिद्ध सुखी सम्पन्न जमिन्दार पं० बलदेव झा से ब्याही थी । यह घटना लगभग 1917की होगी । खड़हरा में पं० बलदेव झा के सानिध्य में ही पिताजी रहे । उनकी काफी खेती-बारी थी जिसके देखभाल में ये रहा करते थे । वहीं से इनका विवाह पटवा गाँव के पं० प्यारे लाल झा की पुत्री पंचमी देवी से हुई । मेरे नाना ने जो मकान एवं जमीन पटवा में दिया था कालान्तर में ये वहीं बस गये । अपने पिताजी अर्थात मेरे दादाजी को भी दरभंगा कछुआ चकौती से पटवा ले आये । मेरी दादी का देहान्त कछुआ

Scanned by CamScanner

चकौती में ही हो चुका था।

मेरे जन्म के लगभग तीन वर्ष बाद गाँव में हैजा फैला जिसने विकराल रूप ले लिया। उसका शिकार मेरी माँ भी हो गई। करीब तीन वर्ष की उम्र में मैंने माँ को खो दिया। मेरी छोटी बहन विजयमाला जो उस समय मात्र एक वर्ष की होगी। हम दोनों भाई-बहन को पिताजी, नाना-नानी, मामा-मामी ने पाला। मेरे मामा पं० बाबु लाल झा थे। नाना का जिक्र पहले ही कर चुका हूँ। नानी मुझे बहुत प्यार करती थी। मेरी प्रारंभिक शिक्षा पास में चान्दाडीह स्कूल में हुई।

पाँचवीं कक्षा के बाद मैं शंकरपुर मुंगेर चला गया जहाँ मेरे फुफेरे भाई पं० अनन्त लाल झा एवं पं० अनुप लाल झा रहते थे। वहीं रहकर मैंने आगे की पढ़ाई श्रीमदपुर मिडिल स्कूल में किया। एक दिन शंकरपुर के पास सुनसान जगह में एक आम के पेड़ पर आम तोड़ने के लिये चढ़ा। गर्मी का दिन था, कुसंयोग से डाली टुट गई और मैं गिर पड़ा। कुछ समय तक बेहोश पड़ा रहा फिर लोगों ने पहचाना और अस्पताल ले गये। चोट गंभीर था। मुझे कुछ दिनों के लिये पटवा भेज दिया गया।

स्वतंत्रता संग्राम में प्रवेश :

मुंगेर में रहते हुये मैं आजादी की बातें सुना करता। गाँधीजी, पं० नेहरु, नेताजी, श्री कृष्ण सिंह के नाम बहुत सुनते और जब भी मौका लगता भाषण भी सुनता। मेरी रूचि धीरे-धीरे आजादी की लड़ाई की ओर बढ़ने लगी थी। सन् 1939 की घटना है, मैं मुंगेर में ही था। रामगढ़ (राँची के पास) नेताजी द्वारा आहूत सम्मेलन की चर्चा जोरों पर थी। वहाँ से बसें रामगढ़ जा रही थीं। मैंने भी रामगढ़ की यात्रा वहाँ से की। यह मेरे जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ था।

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जो 1938 में राष्ट्रीय काँग्रेस के अध्यक्ष बने 1939 के शुरु में ही त्याग पत्र दे दिया था। गाँधीजी के विचारों से उनका विचार भिन्न था। यद्यपि सभी आजादी के दीवानों का लक्ष्य एक ही था किन्तु गाँधी जी के विचारों से 1939 में उन्हें अलग होना ही ठीक लगा। इसका मुख्य कारण था कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के प्रस्ताव को "कि छः माह के अन्दर चाहे जैसे भी हो आजादी हासिल करनी है" स्वीकृति नहीं मिली। गाँधी जी ने भारत को एक उपनिवेश का प्रस्ताव पारित करवाया। जबकी नेताजी पूर्ण आजादी का प्रस्ताव

Scanned by CamScanner

पारित करवाना चाहते थे। काँग्रेस में ही नेता जी ने अलग फारवर्ड ब्लॉक की नीव रखी और पहला सम्मेलन रामगढ़ - राँची में रखा जो करीब दस दिनों तक चला था।

नेता जी का पड़ाव सम्मेलन स्थल के पास था। जिस कैम्प में वे रहते थे, मैं भी वहीं रहता था। उनके भाषणों और उनके विचारों से मैं बहुत प्रभावित हुआ। सम्मेलन के पूर्ण अवधि तक उनके सानिध्य में रहकर उनकी सेवा में लगा रहता। जिस दिन रामगढ़ सम्मेलन समाप्त हुआ मैं भी उनके साथ हो लिया। उन्होंने मुझे अभी पढ़ाई लिखाई की नसीहत दी। फिर वापस घर जाने को कहा लेकिन उनकी बात नहीं मानी। मैंने उनसे कहा "आपने इस सम्मेलन में भाषण दिया है कि आपने अपनी डिग्रियाँ जला दी। आई. सी. एस. की नौकरी को लात मारा, फिर मुझे क्यों डिग्री लेने बोल रहे हैं।

वे निरुत्तर हो गये। मैं उनके साथ क्लकत्ता चला गया। उन्होंने मुझे समझाया कम से कम मैट्रिक तक मैं पढ़ लूँ। पढ़ते-पढ़ते छात्र संगठन बनाने को कहा और जल्द ही अंग्रेजों के खिलाफ बड़ी लड़ाई के लिये तैयार होने को कहा। मैं करीब एक माह उनके साथ कलकत्ता में रहा। जब मैंने उनसे साफ कहा कि मेरी आर्थिक स्थिति ऐसीनहीं है कि मैं भागलपुर या मुंगेर शहर में रहकर और आगे पढ़ सकूँ। नेताजी ने श्री कृष्ण सिंह (श्री बाबू) के नाम से मेरे बारे में पत्र लिखा। आगे कहा कि मुझसे उनकी मुलाकात अब शायद नहीं हो पायेगी। यह 1940 के शुरु की बात है। उन्होंने अपने निकटस्थ चटर्जी बाबु से मेरा परिचय करवाया जो स्ट्राँड रोड पर रहते थे। खास कर कहा कि आने वाले लड़ाई के समय जिस चीज की जरुरत हो इसे मदद किया जाय।

पत्र लेकर मैं श्री बाबू से मुंगेर में मिला। श्रीबाबू मुंगेर के प्रसिद्ध वकील थे, पटना हाईकोर्ट भी जाते थे और राजनीति में भी उतनी ही रूचि थी। मुंगेर में तो उनकी तुती बोलती थी। उन्होंने वहाँ के एक जमिन्दार दिलिप बाबु से मेरे मुंगेर प्रवास, पढ़ाई-लिखाई आदि के खर्च वहन करने को कहा। मैं मुंगेर टाउन हाई स्कूल में पढ़ने लगा। मेरा समय पढ़ाई में कम छात्र संगठन में अधिक बितता था। समय निकालकर श्रीबाबू से भी मिलता था। नेताजी से फिर मेरी मुलाकात नहीं हो पाई। 1940 में ही उन्हें कारावास में डाल दिया गया था। उन्होंने जेल में भूख हड़ताल कर दिए, फिर उन्हें जेल से छुट्टी तो हुई लेकिन कड़े पहरे के बीच

Scanned by CamScanner

अपने ही घर में रखा गया। जहाँ से शीघ्र ही अंग्रेजों के खिलाफ विदेशी सहायता की खोज में वेष बदलकर निकल गये।

अगस्त क्रांति :

सन् 1942 में एक नई क्रांति का लहर था। हर जगह एक ही नारा था। करो या मरो। इसी समय तोड़-फोड़ भारी पैमाने पर शुरु हुआ। उद्देश्य था अंग्रेजों की संचार व्यवस्था, प्रशासन और उसे भी अधिक से अधिक क्षति पहुँचाना। इस क्रम में मुझे याद है जब छात्र संगठन का नेतृत्व करते हुये हमलोंगो ने मुंगेर के पूरब सराय स्टेशन को जला दिया था। जमालपुर में जबरदस्त नाकेबन्दी और तोड़-फोड़ किया गया था।

हमलोगों के बीच हेमजापुर (सूर्यगढ़ा) के गोविन्द सिंह थे जो अदम्य साहस और अख्खड़पन के लिये मशहूर थे। उनका निशाना गोरे अफसर और खासकर पुलिस रहा करता था। सूर्यगढ़ा के पास अंजाम देने के कारण वे मोस्ट वाण्टेड थे।

एक दिन हमलोग हेमजापुर से उत्तर-पूरब मक्के के खेत में बैठकर भावी योजना बना रहे थे कि तीनों ओर से पुलिस ने घेरा बन्दी कर दी। दोनों ओर से घंटों गोलियाँ चली। उत्तर गंगा उफान पर थी। गोलियों की कमी हो गई और अब भागना ही एक रास्ता था। मक्के के पौधौ को बाँधकर ढाल बनाया था। जिसे लेकर गंगा में कूद गया। गोविन्द सिंह दूर्भाग्य वस पकड़े गये। मक्के के पौधौ का गांठपकड़े तैरते हुये मैं भागलपुर आया था।

उन दिनों श्री भागवत झा "आजाद" भागलपुर में मोर्चा सम्भालने वालों में प्रमुख थे। टी. एन. बी. कालेज में पढ़ते हुए ही उन्होंने संगठन का काम -काज सम्भाल लिया था। मैं मुंगेर से साथियों के साथ उनसे मिला करता था। आजाद जी को मैं अग्रज स्वरुप मानता था,और वो भी हमें काफी प्यार देते थे। एक दिन उन्होंने कहा कि गिरिडीह में संगठन कुछ कमजोर महसूस हो रहा है। पुलिसिया जुर्म भी बहुत है। मुंगेर- भागलपुर से एक जत्था वहाँ जाना चाहिये। हमलोग पाँच क्रांतिकारी गिरिडीह पहुँचे। संगठन को काफी बल मिला हम लोगों के वहाँ जाने से। एक शाम की घटना है जब हमलोग शहर से बाहर बैठकर भावी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर रहे थे - पुलिस ने आक्रमण कर दिया, दोनों ही ओर से गोलियाँ चली। मेरे दाहिने जाँघ में गोली लगी और मैं भाग नहीं सका।

Scanned by CamScanner

वहीं गिरकर बेहोश हो गया।

जब मुझे होश आया -मुझसे पूछताछ शुरू हुई बताया गया कि मैं राँची के अस्पताल में भर्ती हूँ। पुलिस का पहरा था। जब मैं स्वस्थ हुआ मुझे मुंगेर पुलिस को सौंप दिया गया। मैं मुंगेर में कैद रहा और छः माह उपरान्त ट्रायल समाप्त हुआ। मुझे ढेढ़ साल का सश्रम कारावास की सजा हुई और भागलपुर सेन्ट्रल जेल ट्रान्सफर कर दिया गया।

सेन्ट्रल जेल में उस समय श्री भागवत झा आजाद, श्री राघवेन्द्र सिंह आदि भी थे। हमलोगों के लिये दुखद समय जेल में तब आया जब वहीं हमारे क्रान्तिकारी साथी श्री गोविन्द सिंह को फांसी दे दी गई। 1942 के आंदोलन में बहुत से क्रान्तिकारी जेल जा चुके थे। भागलपुर सेन्ट्रल जेल में तो हुजुम था। फाँसी के बाद विद्रोह की आशंका को देखते हुये बहुतों को जेल स्थांतरित किया। मुझे छः महीने के लिये हजारीबाग जेल भेजा गया।

रिहा होने के बाद भागलपुर फिर मुंगेर आया। सामने बड़ी समस्या थी- कई क्रांन्तिकारी अभी भी जेल में थे, कईयों को इनकाउन्टर में मार दिया गया था और कईयों को फांसी दी गई थी। आंदोलन के आग को बुझने नहीं देना था साथ ही ऐसे साथियों के परिवारों को आर्थिक सहायता करना था। किसी के बहन की शादी हो या अन्य आवश्यक जिम्मेदारी हो। पुलिस की कड़ी नजर रहती थी जिसके चलते हमलोग स्थान परिवर्तन करते हुये अपनी योजना बनाते।

शादी

मैं घर बहुत कम जा पाता। मेरी बहन विजयमाला की शादी हो चुकी थी।

पिताजी अकेले रह गये थे। उन्होंने काफी जिद किया कि मैं शादी कर लूँ। उनकी यह भी इच्छा थी कि मैं अब घर पर रहूँ। मैं तैयार हुआ शादी के लिये बशर्ते मुझ पर आगे कोई बन्दिश न लगे। 1944 में मेरी शादी पं० अनुप लाल झा लखपूरा-तिनफेड़िया के सुपुत्री बैजंत्री देवी से सम्पन्न हुई। मैं खुशकिस्मत था कि शादी के बाद मेरी पत्नी मेरे विचारों से सहमत थी और मेरे उपर कोई बन्दिश नहीं लगी।

मैं अपनी टोली में चला गया। मुंगेर में अधिकांश छात्र जीवन बिताने

Scanned by CamScanner

के चलते वही मेरा कर्म क्षेत्र भी हो गया था। स्थान परिर्वतन के क्रम में हमलोग जमालपुर पहाड़ी, खड़गपुर, गंगटा, सिमुलतल्ला आदि जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में रहा करते थे। गोली बारुद और पैसे की परेशानी होती, लेकीन काम नहीं रुकता। असलहों की आपूर्ति के लिये जमालपुर एवं मुंगेर उपयुक्त था। बम-हैन्ड ग्रेनेड के लिये नेताजी द्वारा बताये क्रान्तिकारियों से मैं कलकत्ता में मिलता। चटर्जी बाबू का घर तो स्ट्रान्ड रोड पर था, लेकिन उनसे कभी घर पर भेंट नहीं होती। मेरे पूर्व के कलकत्ता प्रवास के समय उनकी माताजी से मेरा परिचय हुआ था। मैं उनसे मिलता। वो खुद मुझसे ऐसे स्थान पर भेंट कराती या किसी अति विश्वसनीय व्यक्ति को साथ लगा देती। वहाँ से बोरे में छिपाकर रेलगाड़ी से बम लाता और कभी झाझा कभी सिमुलतल्ला में उतरता। एकबार चटर्जी बाबू ने कहा कि यह रिस्की है इसलिये बम बनाना खुद सीखो। उन्होंने अपने दो साथियों को मेरे साथ कर दिया। वहाँ से बम बनाने के मशाले अलग अलग लेकर झाझा आये। एक सप्ताह हमलोगों के बीच रहकर हमें ट्रेनिंग दी और वे कलकत्ता लौट गये।

हम क्रान्तिकारियों का लक्ष्य टॉमी (अमेरिकन पुलिस) एवं गोरे पुलिस हुआ करते थे। कभी-कभी अपने लोगों से भी जूझना पड़ता था। ऐसे श्रेणी में जो गोरों के मुखबीर हुआ करते थे, साथ ही हमें मदद नहीं करते। ऐसों को जान तो नहीं मारते लेकिन सबक सिखाना जरूरी हुआ करता। इस सिलसिले में जमुई में एकबार और दूसरा अपने ही गृह क्षेत्र में अनचाहे अप्रिय घटना को अंजाम देना पड़ा था। कतिपय कारणों से इसका ब्योरा नहीं लिखना चाहता हूँ।

मेरे उपर पुलिस की कड़ी नजर रहती थी। 1945 के अन्त में इतनी दबिश बढ़ गई थी कि मुझे वेश बदल कर धनबाद नया बाजार में करीब तीन महीनों तक जमुई के एक दोस्त के यहाँ रहना पड़ा। मैंने अपनी पहचान बदल ली और धनबाद स्टेशन में अखबार बेचने लगा। उस समय स्टेशन परिसर में मेरे मित्र की अखबार और किताबों की दूकान थी।

1942 के आंदोलन की आग बुझने का नाम ही नहीं ले रही थी। पूरे भारत में क्रांति तो थी ही, नेताजी द्वरा स्थापित आजाद हिन्द फौज से अंग्रेजों को भारी झटका लगा था। पूर्वी एसिया में आजाद हिन्द फौज में करीब पच्चीस

Scanned by CamScanner

हजार सैनिक थे जिसमें एक टुकड़ी रानी झांसी रेजिमेट भी थी। इस फौज ने भारत भूमि पर अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई छेड़ी थी और कोहिमा, दिमापुर के एक छावनी पर कब्जा कर लिया था। इंफाल पर भी आक्रमण किया था। नेताजी का नारा था "चलो दिल्ली" अप्रवासी भारतीय एवं भारतीय सेना से आजाद हिन्द फौज बना था। नेताजी को पूर्ण विश्वास था कि जल्द ही वो फौज के साथ दिल्ली आयेंगे और लाल किले तथा वायसराय के बंगले पर राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे। उनकी सेना कुछ समय के लिये रंगून में रूकी थी और वो साइगोन से जापान की यात्रा पर थे। एक दुखद समाचार प्रसारित हुआ कि जिस जहाज से नेताजी यात्रा कर रहे थे वो दूर्घटना ग्रस्त हो गया और नेताजी नहीं रहे। यह अगस्त 1945 की बात थी। सारा देश दुखी था। वे मेरे पथ प्रदर्शक एवं राजनैतिक गुरू थे जिसके कारण मुझे काफी सदमा लगा था।

अंग्रेजों ने आजाद हिन्द फौज के सैनिकों को लाल किले में लाकर बन्दी बनाया था। कालान्तर मुकदमा चला और सभी रिहा कर दिये गये।

क्रान्तिकारियों के हौसले पस्त नहीं हुये। अंग्रेजों को यह एहशास हो गया था कि अधिक दिनों तक अब उनका शासन चलने वाला नहीं है। उनकी जड़ें हिल चुकी थी। भारत छोड़ने की योजना उन्होंने बना ली। हमारे नेताओं से उनकी परामर्श भी चलनी शुरु हो गई। अन्त में 14/15 अगस्त 1947 के मध्य रात्री के समय यूनियन जैक-अंग्रेजी झंडा उतरा और हमारा तिरंगा राष्ट्रीय ध्वज फहराया। बहुत खुशी का माहौल था, साथ ही साजिस और गम का माहौल भी। भारत पाकिस्तान का बटवारा और उसके बाद विस्थापन, साथ में कत्लों और उत्पीड़न का सिलसिला।

आजादी के बाद

अब पिताजी खुश थे कि आजादी मिल गई है साथ ही दूसरी खुशी थी कि मैं कुशल पूर्वक लौट आया था और घर में रह रहा था।

अब मेरी रुचि सामाजिक कार्यों में लगने लगी। समय निकालकर पिताजी की मदद दूकान चलाने में फिर खेती में किया करता। पिताजी खेती के अलावे श्रीपाथर में दूकान चलाते थे। घर में नियमित रूप से चर्खा चलता था। चर्खा चलाने में मेरी बहन और मेरी पत्नी दोनों प्रवीण थी। आजादी के पूर्व

Scanned by CamScanner

का यह नियमित कार्य बहुत बाद तक चलता रहा। पूरे परिवार की वस्त्र की समस्या तो निश्चित रूप से समाधान हो जाती थी। मैं आज भी खादी ही पहनता हूँ।

पटवा में एक मिडिल स्कूल तो कम से कम होनी ही चाहिये थी, जिसकी कमी खलती थी। जमीन जहाँ स्कूल हो तथा कुछ निश्चित आय के लिये अतिरिक्त जमीन की जरूरत थी। इसमें मदद श्रीपाथर के जमीन्दार स्व० लड्डु बाबू (स्व० गिरिजेश्वर प्रसाद सिंह) पटवा के स्व० रामफल सिंह एवं श्री कमलेश्वरी प्रसाद सिंह (पिता स्व० मूरत लाल सिंह) ने किया, श्रमदान लिया गया और 26 जनवरी 1951 को स्कूल तैयार हो गया। शिक्षकों की बहुत कमी थी कैरी के भागवत मिश्र प्रथम शिक्षक नियुक्त हुए। काफी दिनों तक मैं उसका सचिव रहा। लड्डु बाबू के दामाद त्रिशुल बाबू (श्री त्रिपुरेन्द्र नारायण सिंह) वर्षों इस स्कूल से जुड़े रहे। उन्होंने बिना वेतन लिये स्कूल शिक्षक का काम किया और स्कूल को आर्थिक मदद की।

उनदिनों बिनोबा भावे का भूदान यज्ञ चल रहा था। 1952 में पटवा मिडिल स्कूल के मैदान में उनका कार्यक्रम हुआ। बरसात का मौसम था फिर भी कार्यक्रम सफल हुआ लोगों ने भींगते हुये उनके प्रवचनों को सुना और भूदान यज्ञ में भूदान कर सहयोगी बने। इसमें राघवेन्द्र बाबू, पशुपति बाबू अन्य कई नेता आये थे।

समय निकलता गया। पिताजी को श्रीपाथर और वहाँ दूकानदारी में मन नहीं लगने लगा। मुझे भी अलग एक कार्यालय की आवश्यकता थी। पटवा मिडिल स्कूल के उत्तर - पश्चिम सड़क किनारे जमीन खरीदी गई। वहाँ सन् 1954 में एक आश्रम का निर्माण किया और श्रीपाथर से दूकान - व्यवसाय यहाँ ले आया। यहाँ से पार्टी का काम करने और मिलने जुलने में काफी आसानी रहती थी।

एक डाकघर की आवश्यकता बहुत खलती थी। उस समय यहाँ का डाकघर घोरैया ही हुआ करता था। थोड़े से प्रयत्न से श्रीपाथर में डाकघर खुला। मैं 1954 में इसका प्रथम डाकपाल बना। पंचायती राज शुरु हुआ और मैं करीब दश वर्षों तक खड़ौन्धा स्थानीय पंचायत का मुखिया रहा। फिर 1964 में प्रमुख का चुनाव लड़ा। मेरी विजय हुई और धोरैया प्रखंड का प्रथम प्रमुख बना। घोरैया के विधायक काँग्रेस के मौलवी समीनउद्दीन अंसारी लगातार तीन बार रहे। वो हमारे अच्छे मित्रों में थे। उनके साथ भ्रमण का

Scanned by CamScanner

बहुत अवसर मिलता। हर काँग्रेस अधिवेशन में भाग लेता। घोरैया प्रखंड काँग्रेस (आई) का अध्यक्ष पद पर रहा। भागलपुर काँग्रेस कमिटि के कार्यकारणी समिति में रहा।

इन्दिराजी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को सम्मान देकर हमसबों का मनोबल काफी बढ़ाया था। पेंसन एवं ताम्रपत्र से सम्मानित करना खुशी की बात तो थी ही। ढलती उम्र में आर्थिक मदद से स्वतंत्रता सेनानी लाभान्वित हुये। पेंसन शुरु होने में सेन्ट्रल जेल भागलपुर के कागजातों के कारण काफी परेशानी हुई लेकिन अग्रज आजादजी की मदद से अवरोध खत्म हुआ और पेंसन शुरु हुआ।

पटवा में एक हाई स्कूल की आवश्यकता को श्री वीरेन्द्र प्रसाद सिंह (खैरा) 1969 में पूरा किया। बहुत दिनों तक स्व० वे सर्वलाल गुरु प्रसाद आदर्श विद्यालय के प्रथम प्रधानाध्यापक और मैं सचिव रहा।

1968 में मेरे पिताजी अस्वस्थ हो गये। उनके बिस्तर पकड़ लेने और कुछ ही माह में उनके महाप्रयाण से सभी काफी मर्माहत हुये। वो अपने ज्येष्ठ पौत्र राम जी की बहुत प्रशंसा किया करते। ज्येष्ठ पौत्र वधु सरला से भी बहुत खुश रहते थे। यह संयोग ही था कि ज्येष्ठ पौत्र जो उनदिनों बी. एच. यू. में पढ़ाई कर रहा था महाप्रयाण के एक दिन पूर्व ही आया था और अंतिम समय में उनके पास बैठकर गीता पाठ कर रहा था।

1975 में जब आपातकाल लगाया गया, प्रशासनिक चुस्ती, औद्योगिक शांति तो देखने लायक थी। लेकिन इन्दिरा जी को और काँग्रेस को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी। अगले चुनाव में काँग्रेस की सरकार चली गई। तब फिर से संगठन मजबूत किया गया। यहाँ तक कि इन्दिरा जी दिल्ली में प्रखंड अध्यक्ष तक से सीधा बातें करती। इस क्रम में आजादजी के साथ इन्दिरा जी से मिला था और आनेवाले चुनाव की तैयारी की चर्चा की थी। परिणाम आशानुकूल निकला।

केन्द्रीय नेताओं का घोरैया जैसे पिछड़े क्षेत्र का दौरा हमने आवश्यक समझा। इस सुरक्षित क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क आदि की नितान्त जरुरत थी। 1982 में आजादजी के साथ जाकर इन्दिराजी से बातें की। उन्होंने श्री प्रणव मुखर्जी, सुश्री राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी और आजादजी को भागलपुर

Scanned by CamScanner

घोरैया आने को कहा । यह एक दिवसीय कार्यक्रम पटवा मिडिल स्कूल के मैदान में हुआ जहाँ केन्द्रिय नेताओं के साथ श्री जगन्नाथ मिश्र एवं श्री सदानन्द सिंह भी आये ।

आजादी के बाद खासकर 1977 इमरजेन्सी के बाद काँग्रेस ने काफी उतार-चढ़ाव देखा । काँग्रेस की हार फिर पावर में आना, इन्दिरा जी की हत्या, राजीव जी की हत्या । सभी घटनाओं ने झकझोर कर रख दिया । इन राष्ट्रीय घटनाओं का असर प्रदेश पर भी बुरी तरह पड़ा । बिहार की स्थिति भी बिगड़ती गई ।उस स्थिति में 1989 में जब आजादजी एक वर्ष के लिये बिहार के मुख्यमंत्री बने, लगा राज्य के दिन बदलेंगे । उनके चुस्त प्रशासन से आम लोग खुश थे । लेकिन अंदरूनी राजनीति या भीतरघात के कारण सारी उम्मीद पर पानी फिर गया । मैं सक्रीय राजनीति से धीरे-धीरे अपने को हटाता गया और 1991 में गायत्री परिवार से जुट गया । दो बार शान्तिकुंज हरिद्वार में जाकर प्रथम बार एक माह तथा दूसरी बार दो माह रहा । वहाँ के दिनचर्या में सक्रिय रूप से भाग लिया ।

सन् 1993 में पटवा आश्रम में गायत्री महायज्ञ एवं सहस्त्र चण्डी यज्ञ का विशाल आयोजन करवाया । शान्तीकुंज की टोली भी यहाँ आई थी ।

गायत्री परिवार में रहते हुये सामाजिक और पारिवारिक कार्य में जुटे रहे । 1997 के 21 मार्च को काफी सदमा पहुँचा जब मेरी पत्नी हमलोगों को छोड़ इस दुनियाँ से चली गई । मृत्यु से करीब एक वर्ष पूर्व गले का केंसर पता चला था । टाटा के केंसर अस्पताल में इलाजरत रही किन्तु बच न सकी । मेरे क्रान्तिकारी समय से ही परिवार का एक मजबूत स्तंभ ढह गया था । जीवन का उतार-चढ़ाव, दुख-सुख देखे । जहाँ तीनों पुत्र रामनन्दन, लक्ष्मीकान्त और भरत अपने पैरों पर खड़े हुये, खुश हूँ वहीं तीन पुत्रियों श्यामा, शकुन्तला और जयमाला में ज्येष्ठ दामाद श्री उमाकान्त मिश्र एवं कनिष्ट पुत्री जयमाला के असामयिक निधन ने झकझोर दिया ।

Scanned by CamScanner

ट्रस्ट

1997 में ही मैंने सोचा एक गायत्री परिसर हो जिसमें गायत्री मन्दिर, पुस्तकालय और आनेवाले दिनों में समाज कल्याण की सुविधाएं जुटती जाय । तदनुसार पत्नी बैजंत्री देवी के स्मृती में उनके प्रथम पुण्य तिथि के अवसर पर फाल्गुन शुक्ल पक्ष त्र्योदसी दिनांक 10 मार्च सन् 1998 के दिन 1बजे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं मंदार विद्यापीठ के संस्थापक एवं कुलाधिपति डा० आनन्द शंकर माधवन के कर कमलों से गायत्री शक्ति पीठ का शिलान्यास सम्पन्न हुआ । इस शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता श्री रामजी सिंह पूर्व सांसद ने किया । इस समारोह में मेरे सहयोगी एवं संबंधियों की अच्छी उपस्थिति थी, जिसमें सर्व श्री बिजेन्द्र नारायण सिंह, प्रताप नारायण सिंह, विजय कुमार सिंह, शिव नारायण झा, ओम प्रकाश झा, श्रीमती उर्मिला मिश्र, श्री सारंगधर प्रसाद, श्री नरेश दास इत्यादि सैकड़ों लोग थे ।

निमार्ण कार्य प्रारंभ हुआ । इस परियोजना के लिये काफी पैसे की जरुरत थी । आश्रम में सड़क किनारे जमीन करीब आठ कट्ठा बिक्री करनी पड़ी, खेती से जो आमदनी होती वह भी इसमें लगता, मेरे पेन्सन का अधिकांश हिस्सा इसमें लगता, ज्येष्ट पुत्र रामनन्दन से मदद मिलता साथ ही मेरे कई सहयोगियों एवं सम्बन्धियों ने दान दिया । जिस दिन शिलान्यास हुआ उसी दिन श्रीमति उर्मिला मिश्र मुन्दीचक (भागलपुर) ने 21 हजार देकर मदद का सिलसिला शुरू किया । अन्य सभी नाम परिशिष्ट में है जिन्होंने अब तक तन, मन और धन से मदद किया । निर्माण के साथ ही जरूरत था ट्रष्ट बनाने, उसके पंजियन आदि बैधानिक कार्य करने का । ट्रष्ट का पंजियन बाँका रजिष्ट्री आफिस में दिनांक 22.01.2002 को हुआ । ट्रष्ट, ट्रष्टी, उद्देश्य आदि इसमें उल्लेखित है । ट्रस्ट का निबंधन संख्या 7846 बॉका है ।

दिनांक 1.12.2005 के शाम को जब मैं मन्दिर के छत पर खड़ा होकर काम करा रहा था, अचानक वहीं गिर गया । अमितेश, बौनी आदि ने मुझे उठाकर नीचे लाया । विश्राम से कुछ लाभ हुआ लेकिन उसी रात शौचालय में पुनः गिरा । मेरी स्थिति बिगड़ती गई, बाँया हाथ और पाँव काम नहीं करने लगा । धनबाद रामजी को खबर हो गई थी । भरत जी गाड़ी लेकर 2.12.2005 को पटवा पहुँचे । 02.12.2005 को मुझे धनबाद सेन्ट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया । सुविधा युक्त केबिन में

Scanned by CamScanner

रखा गया था । सेवा में राम जी, लक्ष्मीकान्त, भरत, श्यामा, शकुन्तला, तीनों बहुएँ, उदय जी, बिजय, बौनी आदि लगे रहते । दामाद पंजिकारजी, नाती मुखिया एवं सरपंच मिलने आया करते। 21.12.2005 को अस्पताल से छुट्टी मिली ।

सुधार तो महसूस हो रहा है लेकिन अब मैं चाहता हूँ जल्द मूर्तियाँ स्थापन एवं प्राण प्रतिष्ठा हो जाय । मई 2006 में स्थापना योजना है । आगे माँ की कृपा ।

21 मार्च 2006 को मैं अपनी जिन्दगी का पच्चासी वर्ष पूरा कर छियासिवाँ में प्रवेश कर रहा हूँ । जिन्दगी में जुझता ही रहा हूँ । अंग्रेजी शासन के विरूद्ध तो अपने यौवन का मात्र आठ साल ही लगाया हूँ । बाकि समय मेरी पूरी कोशिश रही की खुद सन्मार्ग पर चलकर औरों का दुख बाँटू । जुझारू जिन्दगी को इतने कम शब्दों में बयाँ करना संभव नही है । परिवार के हर सदस्य से और आने वाले पीढ़ियों को अगाह करता हूँ कि कुल देवी, देवता एवं अग्रजों के अनादर न हो । सच्ची लगन से काम करें । आपस में मेल रखें । आपके कदम किस रास्ते जा रहे हैं ध्यान रखा जाय । कहीं आपके लिये, परिवार के लिये, समाज के लिये, देश के लिये अहित तो नहीं ?

अन्त में प्रेरणा श्रोत नेता जी सुभाष चन्द्र बोस को फिर श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूँ । स्व० श्री बाबू जो प्रथम मुख्यमंत्री हुये, जिन्होंने दिशा परिवर्तन में मेरी मदद की, स्व० गोविन्द सिंह , हेमजापुर जो मेरे घनिष्ट एवं जाँबाज मित्र थे को मेरी श्रद्धा सुमन । मेरे राजनैतिक अग्रज आजाद जी के प्रति मैं आभार प्रकट करता हूँ । मेरे मित्र, मेरे सहायक स्व० सरयू प्रसाद सिंह (मकेसर) स्व० डा० लाल बहादुर सिंह, स्व० सिंहेश्वर प्रसाद सिंह (कोतरा) स्व० रामफल सिंह (पटवा), स्व० धनश्याम सिंह (चान्दाडीह), स्व० कुलदीप सिंह , (चान्दाडीह)स्व० केदार नाथ झा (लखपूरा) आदि सबों को श्रद्धा सुमन । अग्रज स्व० ईशान चन्द्र झा, खड़हरा का ऋणी हूँ तथा श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूँ । ऐसे हजारों हजार लोगों का मैं आभार प्रकट करता हूँ जिन्होंने मुझ पर विश्वास रखा, मेरा साथ दिया । नाम लिखना और स्मरण भी संभव नहीं है । अपने परिवार के हर सदस्यों का मैं ऋणी हूँ जिसने मुझे स्वतंत्र रूप से काम करने का अवसर दिया । समाज और राष्ट्र निर्माण में लगे सबों के लिये मेरी भाव भरी मंगल कामनाएं हैं ।

Scanned by CamScanner

"उँ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात् ।"

उस प्राण स्वरूप, दुःख नाशक, सुख स्वरूप, श्रेष्ठ, तेजस्वी, पाप नाशक, देव स्वरूप परमात्मा को हम अपनी अन्तरात्मा में धारण करें । वह परमात्मा हमारी बुद्धि को सन्मार्ग में प्रेरित करे ।

चन्द्रशेखर मिश्र
संस्थापक-
वेदमाता गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्ट
स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, बिहार
पी० पी० ओ० न० -19916

दिनांक :-21.03.2006

महाकुम्भ
13/06/2010

कुल परिचय एवं वंश बृक्ष

पिता, काका, पितामह से प्राप्त जानकारी मुझे सागर मिश्र यानी मेरे छः पीढ़ी उपर तक ही मिल सकी जो यहाँ संकलित है ।

ग्राम - कछुआ चकौती - प्रसादी टोल

थाना - जाले, जिला - दरभंगा ।

गोत्र - शाँडिल्य - मूल - सदरपुरिये रोहार(मैथिल ब्राह्मण)

(क्षन्दोग) : यज्ञोपवित धारण मंत्र -

''ऊँ यज्ञोपवितमसि यज्ञ सत्वोपविते नोपनश्यामि''

-ज्ञात वंश बृक्ष -

1. सागर मिश्र (एकलौता)
2. सागर मिश्र के भी एक पुत्र पशुपति मिश्र
3. पशुपति मिश्र के छः पुत्र - लाल मिश्र, श्याम राम मिश्र, माधव मिश्र, नेहाल मिश्र , सनाथ मिश्र, मानिक मिश्र ।
4. नेहाल मिश्र को एक पुत्र - रूद्रमैन मिश्र ।
   सनाथ मिश्र को एक पुत्र - उग्रमैन मिश्र ।
   मानिक मिश्र को एक पुत्र - इन्द्रमैन मिश्र ।
   लाल मिश्र, श्याम राम मिश्र एवं माधव मिश्र को पुत्र नहीं ।
5. इन्द्रमैन मिश्र को छः पुत्र - राधाकान्त मिश्र, कमलाकान्त मिश्र, उमाकान्त मिश्र, गौरीकान्त मिश्र, छोटाकान्त मिश्र, श्रीकान्त मिश्र
6. राधाकान्त मिश्र को एक पुत्र- सुधाकर मिश्र
   कमलाकान्त मिश्र को एक पुत्र-मधुरी कान्त मिश्र,
   छोटा कान्त मिश्र को तीन पुत्र -श्री चन्द्र मिश्र, श्री कृष्ण मिश्र एवं जयकृष्णमिश्र ।
7. सुधाकर मिश्र को एक पुत्र चन्द्रशेखर मिश्र (मैं)
   मधुरीकान्त मिश्र को दोपुत्र - महाकान्त मिश्र एवं बिजयकान्त मिश्र ।
   श्री चन्द्र मिश्र के तीन पुत्र-दिनेश चन्द्र मिश्र, गणेश चन्द्र मिश्र एवं श्याम चन्द्र मिश्र ।
   श्री कृष्ण मिश्र के एक पुत्र - शोभाकान्त मिश्र

Scanned by CamScanner

श्री जय कृष्ण मिश्र के चार पुत्र - सुधिर चन्द्र मिश्र, प्रेम चन्द्र मिश्र, रमेश चन्द्र मिश्र एवं धनेश मिश्र ।

8. चन्द्रशेखर मिश्र (मुझे) तीन पुत्र - रामनन्दन मिश्र, लक्ष्मीकान्त मिश्र एवं भरत मिश्र ।

दिनेश मिश्र के पाँच पुत्र - उदय चन्द्र मिश्र, सदेव चन्द्र मिश्र, हृदय चन्द्र मिश्र, भानु चन्द्र मिश्र, एवं अमोल चन्द्र मिश्र ।

गणेश चन्द्र मिश्र के चार पुत्र-ललित मिश्र, अजित मिश्र, गिरीश चन्द्र मिश्र, एवं दिलीप चन्द्र मिश्र ।

श्याम चन्द्र मिश्र के दो पुत्र- जीनेश्वर मिश्र एवं मोहर मिश्र ।

शोभाकान्त मिश्र के दो पुत्र- दिवाकान्त मिश्र एवं लीलाकान्त मिश्र ।

9. रामनन्दन मिश्र को एक पुत्र - मृदुल मिश्र ।

लक्ष्मीकान्त मिश्र को एक पुत्र - रविकान्त मिश्र ।

भरत मिश्र को एक पुत्र - अमितेश मिश्र ।

10. मृदुल मिश्र को एक पुत्र - अनुराग मिश्र "अंश"

जन्म तिथि- **24.05.2005**

जन्म स्थान - स्टुटगार्ट (जर्मनी)

10. रविकान्त मिश्र को एक पुत्र
राघव मिश्र
21.02.2008

10. अमितेश मिश्र को एक पुत्र
अभिज्ञान मिश्र
जन्मतिथि: 17-02-2018.

Scanned by CamScanner

गायत्री परिसर निर्माण में सहयोग

1. 24 कट्ठा जमीन (1200 वर्ग फीट प्रति कट्ठा) रजिस्ट्री ट्रस्ट को दिया- चन्द्रशेखर मिश्र एवं तीनों पुत्र - रामनन्दन, लक्ष्मीकान्त एवं भरत मिश्र ने
2. सभी ग्यारह मूर्तियाँ, साज सज्जा प्राण प्रतिष्ठा में सभावित सहयोग राशि - श्रीमती सरला मिश्र पुत्री स्व० अनन्त प्र० मिश्र, डरपा (बाँका)

ट्रस्टी एवं अन्य सहयोगी जिन्होंने तन-मन-धन से सहयोग किया । साथ ही दाता जिन्होंने 5001/- रू० से अधिक दान दिया ।

1. श्री चन्द्रशेखर मिश्र - संस्थापक एवं संरक्षक
2. श्री रामनन्दन मिश्र - 3. श्री लक्ष्मीकान्त मिश्र
4. श्री भरत मिश्र - 5. श्रीमती श्यामा देवी
6. श्रीमती शकुन्तला देवी - पति श्री विनय-पंजिकार, कैथा, बाँका
7. श्रीमती उर्मिला मिश्र, पुत्री श्री मौजी लाल झा - मोहनपुर, समस्तीपुर
8. श्री सारंगधर प्रसाद - भगवानपुर - बाँका
9. श्री शिवनारायण झा - मोहना - बाँका, सभी ट्रस्टी
10. श्रीमती लक्ष्मी ठाकुर - कदराचक - बाँका
11. श्रीमती सरस्वती पाठक - बाबुटोला - बाँका
12. श्रीमती पार्वती झा, सागरपुर- मधुबनी
13. श्रीमती नीता झा - भखरैन (मधुबनी)

Scanned by CamScanner

14. श्रीमती नमिता झा - अ०ठाढ़ी (मधुबनी)

15. श्री मृदुल मिश्र - पटवा (वर्तमान- बंगलोर)

16. श्री रविकान्त मिश्र-पटवा (वर्तमान- बंगलोर)

17. श्री अमितेश मिश्र-पटवा

18. श्री विश्वमोहन झा - भखरैन (मधुबनी)

19. श्री शेषनाथ झा - रूद्रपुर (उत्तरांचल)

20. श्री संजय कुमार झा - पटना

21. श्री ओम प्रकाश झा - लालकोठी (भागलपुर)

22. श्री हरेन्द्र सिंह - छपरा

23. श्री उमा शंकर सिंह - महेशपुर - पाकूड़

24. श्री शिवदास बनर्जी (पिता - स्व० जीतेन्द्र नाथ बनर्जी)
जिलगोरा (धनबाद)

25. श्री कृष्णा अग्रवाल (पिता -श्री बजरंग लाल अग्रवाल)
जिलगोरा (धनबाद)

26. श्री अरूण कुमार झा(पिता - स्व० शुभ नारायण झा)
बनगाँव (सहरसा)

27. श्री रामेश्वर सिंह, असैनिक अभियंता, बी.सी.सी.एल. (धनबाद)

Scanned by CamScanner

28. श्री बिजय कुमार सिंह - गुरुद्वार

29. श्रीमती पद्मा झा - पिण्डारूच (दरभंगा)

30. श्री राजेन्द्र प्रसाद बर्मा - स्वतंत्रता सेनानी, बाउर, दरभंगा ।

31. डा. नरेन्द्र प्रसाद मिश्र - दरभंगा ।

32. श्री सुरेद्र प्रसाद - पुरुषोत्तमपुर, वाराणसी ।

33. श्री सुरेद्र पंडित - कुसुम बिहार, धनबाद ।

34. विजय कुमार झा : विनकोड़िया

35. रमेश चन्द्र झा : पटना

~~36. अरुण कुमार झा : स्वामीजी सहरसा (...)~~

36. ज्योतिष चन्द्र झा : लखनपुर

37. मुगमा महिला समिति, गोपालपुर, मुगमा

38. श्री मुकेश कुमार, महमदपुर, पू० चम्पारण

39. श्रीमती करुणा रामपद कुमार बनर्जी, धनबाद

40. श्री मती शिखा आनंदमोहन मंडल, कुरमी

41. श्री शैलेश संजय कु० राय, मुगमा

42. स्पोर्टस क्लब, मुगमा रोड, ~~कु०~~ कु० राजीव

43. अखिल भारतीय महिला संघ, मुगमा शाखा

44. श्री शीतल प्रसाद, गोड्डा

वेदमाता गायत्री बैजन्त्री शक्तिपीठ ट्रस्ट,
सुधाकर आश्रम, पटवा

पत्रालय - श्रीपाथर, थाना-धरैया, जिला - बाँका (बिहार) भारत

निबंधन दस्तावेज

यह एकरारनामा २२ जनवरी सन् २००२ दिन मंगलवार को निबंधन कार्यालय बाँका (बिहार) में सम्पन्न हुआ

१.०. अधिवासी

१.१. श्री चन्द्र शेखर मिश्र, पिता - स्व० सुधाकर मिश्र, धर्म- हिन्दू, स्वतंत्रता सेनानी, पी.पी.ओ. संख्या - १९९१६, निवासी ग्राम - पटवा, पत्रालय - श्रीपाथर, थाना-धोरैया, जिला - बाँका, बिहार ।

१.२ श्री राम नन्दन मिश्र, पिता - श्री चन्द्र शेखर मिश्र, धर्म - हिन्दू, पेशा - मुख्य खनन अभियंता के रूप में कोल इण्डिया लिमिटेड में नौकरी, महाप्रबंधक के कार्य क्षमता में मुगमा क्षेत्र, ई.सी.एल., पत्रालय - मुगमा, जिला - धनबाद (झारखण्ड) में पद स्थापित ।

१.३. श्री लक्ष्मी कान्त मिश्र, पिता - श्री चन्द्रशेखर मिश्र, धर्म - हिन्दू, पेशा - नौकरी, निवास - दक्षिणी बलिहारी, बी.सी.सी.एल. धनबाद (झारखण्ड)

१.४. श्री भरत मिश्र, पिता - श्री चन्द्र शेखर मिश्र, धर्म-हिंदू, पेशा - सम्प्रति जियलगोड़ा स्कूल ऑफ लर्निंग में शिक्षक, पत्रालय - जियलगोड़ा, जिला- धनबाद (झारखण्ड)

अधिवासी को जिनकी अभिव्यक्ति किसीभी तरह तब तक हँटाये नहीं जायेंगे या उनके वारिस, उत्तराधिकारी, निर्वाहक प्रशासक, अभ्यर्पिती और प्रथम भाग के प्रतिनिधि जोड़े नहीं जायेंगे जब विषय-वस्तु अथवा प्रसंग के प्रतिकूल समझे नहीं जायेंगे ।

एवं

Scanned by CamScanner

२.०. ट्रस्टी

२.१. श्री चन्द्रशेखर मिश्र, पिता - स्व० सुधाकर मिश्र, धर्म- हिन्दू, स्वतंत्रता सेनानी, पी.पी.ओ. संख्या - १९९१६, निवासी ग्राम - पटवा, पत्रालय - श्रीपाथर, भाया - पुनसिया, थाना-धोरैया, जिला - बाँका, बिहार ।

२.२ श्री रामनन्दन मिश्र, पिता - श्री चन्द्रशेखर मिश्र, धर्म - हिन्दू, पेशा - नौकरी, मुख्य खनन अभियंता, कोल इण्डिया लिमिटेड, ई.सी.एल., मुगमा क्षेत्र, महाप्रबंधक के रूप में पदस्थापित ।

२.३. श्री लक्ष्मी कान्त मिश्र, पिता - श्री चन्द्रशेखर मिश्र, धर्म - हिन्दू, पेशा - नौकरी, निवास - दक्षिणी बलिहारी, बी.सी.सी.एल. धनबाद (झारखण्ड)

२.४. श्री भरत मिश्र, पिता - श्री चन्द्रशेखर मिश्र, धर्म - हिंदू, पेशा - नौकरी सम्प्रति जियलगोड़ा स्कूल ऑफ लर्निंग में शिक्षक, पत्रालय - जियलगोड़ा, जिला- धनबाद (झारखण्ड)

२.५. श्रीमती श्यामा देवी, पति - स्व० उमा कान्त मिश्र, धर्म - हिंदू, पेशा - गृह-स्वामिनी, निवासी ग्राम - बरहरा, थाना - बेलहर, जिला - बाँका बिहार, सम्प्रति लाल कोठी, ततारपुर, भागलपुर में अवस्थित ।

२.६. श्रीमती शकुन्तला पन्जिकार, पति - श्री विनय पन्जिकार, धर्म - हिन्दू पेशा - गृह-स्वामिनी, ग्राम - कैथा, थाना - शम्भूगंज, जिला - बाँका बिहार के निवासी ।

२.७. श्रीमती उर्मिला मिश्र, पिता - श्री मौजी लाल झा, ग्राम - मोहनपुर, पत्रालय - पटौरी, थाना, जिला - समस्तीपुर, सम्प्रति निवासी गिरीश बनर्जी रोड मुन्दीचक, भागलपुर ।

Scanned by CamScanner

२.८. श्री सारंगधर प्रसाद, पिता - स्व० सूर्य मोहन प्रसाद, निवासी - ग्राम- भगवानपुर, थाना - धोरैया, जिला - बाँका, बिहार ।

२.९. श्री शिवनारायण झा, पिता - स्व० हिमाँचल झा, धर्म-हिन्दू, निवासी ग्राम - मोहना, थाना - रजौन, जिला - बाँका, बिहार ।

इसमें उपरोक्त नवों व्यक्ति ट्रस्टी कहलायेंगे और द्वितीय भाग में जिनकी अभिव्यक्ति कार्यालय में इन सबों की उपस्थिति में किसी भी तरह तबतक हटाये नहीं जायेंगे अथवा कुछ समय के लिए अतिरिक्त ट्रस्टी जोड़े नहीं जायेंगे जबतक विषय वस्तु या प्रसंग के प्रतिकूल समझे नहीं जायेगें ।

३.०. भेंट :-

३.१. उपरोक्त सभी अधिवासी (सेट्लर) अपने एक हिस्से से देवता का ट्रस्ट प्रतिष्ठित कर एक भेंट सृजन करना चाहते हैं जो लोगों के धर्म और पुण्यार्थ विषय तथा कार्य हेतु भारत और भारत के बाहर सम्पूर्ण विश्व के देशों के लिए वेद माता गायत्री बैजन्त्री शक्तिपीठ ट्रस्ट. सुधाकर आश्रम के नाम से ग्राम - पटवा, पत्रालय - श्रीपाथर, भाया - पुनसिया, थाना - धोरैया जिला - बाँका, बिहार, भारत में होगा ।

३.२. इसके सभी ट्रस्टी श्री चन्द्रशेखर मिश्र, अधिवासी / ट्रस्टी के अग्रह पर बने जो इसमें अर्न्तविष्ट नियमों तथा शर्तों के अनुसार इन सबों की उपस्थिति में एक ट्रस्टी के रूप में कार्य करने के लिए सहमत हुए । किसी भी तरह ट्रस्टी की संख्या नौ से कम और पंद्रह से अधिक नहीं होगी ।

३.३. श्री चन्द्रशेखर मिश्र, अधिवासी/ट्रस्टी संख्या एक, इसके मुख्य ट्रस्टी अथवा अध्यक्ष होंगे जो अपने जीवन पर्यन्त होंगे और उनके मृत्युपरान्त उनके बड़े बेटे और तदुपरान्त उम्र के अनुसार दूसरे पुत्र होंगे तथा उसके बाद सबसे बड़ा पोता होगा और इसके क्रमानुसार ट्रस्टी के मुख्य ट्रस्टी अथवा

Scanned by CamScanner

अध्यक्ष होंगे ।

४.०. एकरारनामा

अब इस एकरारनामें की गवाही निम्न है :-

४.१. एक आम धार्मिक तथा पुण्यार्थ ट्रस्ट के सृजन और स्थापना के उक्त विषयक कार्य सम्पन्न करने के उद्देश्य से उपरोक्त अधिवासी प्रारम्भिक मूल राशि २५०००/- रूपये पचीस हजार मात्र हस्तान्तरित तथा निम्नलिखित अपनी अचल सम्पत्ति ट्रस्ट को प्रदान कर चुके हैं :-

मौजा-पटवा थाना - धोरैया जिला - बाँका

खाता	खेसरा	क्षेत्र	चौहद्दी			
			उत्तर	दक्षिण	पूरब	पश्चिम
१५ एल. के मिश्र एवं	४१	(३८ डिसमल)	एल.के.मिश्र स्वयं	कमलेश्वरी सिंह एवं	आर.एन.मिश्र नारायण सिंह	हुरो बैठा
२३ आर.एन.मिश्र	४२	(२७.२५ डिस.)	आर.एन.मिश्र स्वयं	सड़क धोरैया	आर.एन.मिश्र स्वयं	शक्तिपीठ एवं कमलेश्वरी सिंह

जमीन का कीमत ३६०००, छत्तीस हजार + २५००० पचीस हजार - कुल ६१०००, जमीन एक फसली है ।

इसमें भाग लेने के विचार से वे सभी उपने स्वामित्व अधिकार, नाम अधिकार तथा आधिपत्य तथा उसमें दावे, सबकुछ ट्रस्ट के नाम में ट्रस्टी प्रदान करेंगे जो उसका नियंत्रण करते रहेंगे तथा कुछ समय के लिए उसका प्रतिनिधित्व करते रहेंगे तथा अन्य सभी धन, हो सकता है वह कुछ समय के लिए हो, समस्त संयोजन सहित ट्रस्ट सम्पदा का प्रतिनिधित्व करेंगे और उसका समस्त एकत्रित लाभ तथा समस्त अन्य सम्पत्ति जो इससे बाहर से भी इकटठा किया गया हो या परोपकारी उद्देश्य तथा कारण और व्यवहार के लिए जो भविष्य में ट्रस्ट विषयक हो सकता है इसके बाद इसमें आगे ट्रस्ट निधि के रूप में सौंपना है । इसके आगे इसे सम्बन्धित इसमें दिये गये नियमों तथा शर्तों पर अधिकार सहित अभिव्यक्ति है ।

Scanned by CamScanner

४.२. ट्रस्ट का नाम 'वेद माता गायी बैजन्त्री शक्तिपीठ ट्रस्ट' होगा और कथित ट्रस्ट का मुख्यालय स्थाई रूप से सुधाकर आश्रम पटवा, पत्रालय-श्रीपाथर, भाया- पुनिसया, थाना-धोरैया, जिला-बाँका, बिहार, भारत में होगा ।

४.३. सभी ट्रस्टी और इनमें से कोई ट्रस्टी या तो भारत के अन्तर्गत किसी स्थान या शहर अथवा विश्व देशो में किसी स्थान या देश से बाहर के किसी शहर में इसका कार्यालय खोल सकते हैं ।

४.४. यह इन ट्रस्टी की सक्षमता के अन्तर्गत होगा कि जब वे ट्रस्ट का शाखा कार्यालय खोलेंगे या ट्रस्ट को ले जाने या उसका स्थान बदलने या इस विषय को बंद करते समय उसे मुख्यालय अथवा इसके अध्यक्ष से इसके लिए पूर्व अनुमति लेनी होगी ।

४.५. एक से चार तक के उपरोक्त नामित आबादकारी/ट्रस्टी बिना किसी धमकी जबरदस्ती, भय के उनके स्वतंत्र हृदय, स्वेच्छा एवं सर्वसम्मति से उपरोक्त लिखित अचल सम्पत्ति और रू० २५०००/- रूपये पच्चीस हजार, प्रारम्भिक धन दान देने का निर्णय लिये तथा उपरोक्त दिये गये नाम से ट्रस्ट प्रतिष्ठापित तथा स्थापित करने का निर्णय लिए अतः उपरोक्त "शक्ति पीठ" के नाम से वे आज यह भेंट पंजीकरण का दस्तावेज तैयार किये तथा इसके आगे ट्रस्ट के सभी ट्रस्टी एक साथ वर्तमान तथा भविष्य की सम्पत्ति के मालिकों, नियंत्रक, और प्रबंधक होंगे ।

५.०. उद्देश्य :

ट्रस्ट नियमों और शर्तों का उद्देश्य निम्न होगा :-

५.१. अधिवासी द्वारा उपरोक्त वर्णित तथा दान दी गई जमीन पर गायत्री मंदिर निर्माण करने के साथ-साथ आर्थिक स्थिति के अनुरुप और आवश्यक समझा गया तो मंदिरों तथा अन्य पूजा स्थलों की मरम्मत भी की जायेगी ।

Scanned by CamScanner

